## विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के छात्रों ने राजकीय संग्रहालय, मथुरा द्वारा आयोजित ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता में बाज़ी मारी
## द्वितीय वर्ष के छात्र दीपक कुमार रहे अव्वल
## एवं
## तृतीय वर्ष की छात्रा जागृति श्रीवास्तव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

छात्रों की उपलब्धियों से एक बार फिर विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय का नाम सुर्ख़ियों में रहा, उनकी सफ़लता से हमारे विश्वविद्यालय का नाम रोशन हुआ ।

राजकीय संग्रहालय मथुरा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव की श्रृंखला के अंतर्गत काकोरी घटना के उपलक्ष में "राष्ट्रीय आंदोलन में उत्तर प्रदेश के क्रांतिकारियों का योगदान" विषयक ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता दिनांक ०९ अगस्त २०२१ में विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय द्वितीय वर्ष के छात्र दीपक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय वर्ष की छात्रा जागृति श्रीवास्तव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जी.के. सिंह ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अनुशासन एवं करुणा जैसे मूल्यों को सीखने का सन्देश दिया ।

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफेसर पी.के. शुक्ला ने इन छात्रों को बधाई देते हुए कहा की छात्रों में ऐसे गुण समायोजित हैं जिनसे उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी ।



**प्रथम**
**दीपक कुमार**



**सांत्वना**
**जागृति श्रीवास्तव**

**राजकीय संग्रहालय, मथुरा द्वारा आयोजित ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष के छात्र दीपक कुमार रहे अव्वल एवं तृतीय वर्ष की छात्रा जागृति श्रीवास्तव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।**